तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट के झरनों की धार हुई पतली



## खबर संक्षेप

### पीसीसी निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**मनेन्द्रगढ़।** नगर पंचायत खोंगापानी वार्ड क्रमांक 11 के गार्डन में पीसीसी निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत खोंगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद जितेन्द्र गुप्ता, वार्ड की महिलाएं सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। पार्षद श्री गुप्ता ने कहा कि यह कार्य वार्डवासियों की सुविधा एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नगर पंचायत खोंगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण कुमार एक्का एवं उपअभियंता अशोक कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से यह कार्य प्रारंभ हो पाया।

### जाति, निवास पत्र बनाने में कोताही बर्दाश्त नहीं

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि राजस्व, राशन, पेंशन सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय निर्माण जैसे जनसरोकार के मामलों को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। सीईओ श्री चतुर्वेदी ने कहा कि आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के लिए प्राप्त आवेदनों को लोक सेवा केन्द्रों, तहसील एवं एसडीएम कार्यालयों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से जारी किया जाए। इस कार्य में लापरवाही या विलंब की स्थिति में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपूर्ण दस्तावेज जमा करने वाले आवेदकों से संपर्क कर पूरी दस्तावेज इक्कठा करें और नियमानुसार ही प्रमाण पत्र बनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले एक सप्ताह में ठोस प्रगति हर हाल में दिखाई देनी चाहिए। वहीं 15 अप्रैल को जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त हुए, संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवेदनों का सही परीक्षण कर उसका समाधान करें।

### कार्यक्रम में गूंजे राम भजन कलाकारों ने बांधा समां



**डोमनहिल।** भोजपुरी समाज चिरमिरी के द्वारा चैत्र माह के अंतिम सोमवार को डोमनहिल स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भव्य चैता कार्यक्रम और भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डोमनहिल और हल्दीबाड़ी के स्थानीय चैता गायकों के साथ-साथ बिहार से पधारे कलाकारों ने भाग लेकर अपने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कामेश्वर सिंह ने बताया कि चैता गायन कला को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूरे एक माह तक विभिन्न स्थानों पर चैता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार त्रेता युग में भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया था और चैत्र शुक्ल नवमी को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। पूरा चैत्र महीना राम जन्मोत्सव के रूप में भक्ति और बधाई गीतों के साथ मनाया जाता है। चैता गायक कामता सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के सभी भोजपुरी समाज के सदस्यों का सहयोग रहा।

### वन विभाग और एसईसीएल की संयुक्त टीम की कार्रवाई

# ब्लास्ट कर जामघाट में बंद की अवैध कोयला सुरंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना क्षेत्र अंतर्गत जामघाट में लंबे समय से संचालित एक अवैध कोयला सुरंग को वन विभाग और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की संयुक्त कार्रवाई के तहत ब्लास्ट कर ध्वस्त कर दिया गया। इस सख्त कदम से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

वन मंडलाधिकारी कोरिया श्रीमती प्रभाकर खलखो ने बताया कि जामघाट क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। निरीक्षण में सुरंग की पुष्टि होने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई। सुरंग को विस्फोटक सामग्री से पूरी तरह बंद कर दिया गया, जिससे भविष्य में यहां दोबारा कोई गतिविधि न हो सके। कार्रवाई के दौरान वन विभाग के साथ पुलिस, खनिज विभाग, एसईसीएल के तकनीकी विशेषज्ञ, सुरक्षाकर्मी तथा स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए क्षेत्र को चारों ओर से सील किया और आसपास के ग्रामीणों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर हटाया गया। डीएफओ श्रीमती खलखो ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी इसी प्रकार की छापेमारी और अभियान जारी रहेंगे।






कार्रवाई करती टीम।

### पर्यावरण को हो रहा था नुकसान

यह सुरंग न सिर्फ पर्यावरणीय असंतुलन पैदा कर रही थी, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रही थी। स्थानीय प्रशासन का मानना है कि इस अवैध गतिविधि के पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। वहीं जामघाट क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और मांग की है कि अन्य संदिग्ध क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाए।

### घुटरा हादसे के बाद भी नहीं थमा अवैध उत्खनन

एमसीबी जिले के घुटरा में हाल ही में हुई खदान दुर्घटना में दो मजदूरों की दर्दनाक मौत के बाद भी कोयले का अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक के नागपुर क्षेत्र से लेकर उजियारपुर तक कई स्थानों पर अवैध रूप से कोयले की खुदाई खुलेआम जारी है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो कई स्थानों पर निजी माइनिंग संचालक न सिर्फ कोयला निकाल रहे हैं, बल्कि ट्रकों और ट्रैक्टरों के माध्यम से उसका परिवहन भी रात के अंधेरे में धड़ल्ले से कर रहे हैं। घुटरा की घटना के बाद उम्मीद थी कि प्रशासन सख्ती बरतेगा, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कई इलाकों में अवैध सुरंगें अब भी सक्रिय हैं, जिनमें बिना सुरक्षा उपायों के लोग खतरनाक तरीके से काम कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे इस गतिविधि से परेशान हैं। न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि आसपास के इलाकों में हादसों का खतरा भी बना हुआ है।





शुभारंभ करते महाप्रबंधक बीएन झा।

# एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में एमएमयू की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की शुरूआत की गई है। इसका शुभारंभ मंगलवार को क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर में महाप्रबंधक बीएन झा ने वाहन पूजा कर और हरीझंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ. संजय सिंह, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। यूनिट के माध्यम से परियोजना क्षेत्रों से सटे गांव में रहने वाले लोगों को निःशुल्क प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। एमएमयू में एक डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी सहायक और पोर्टेबल जांच उपकरण मौजूद रहेंगे। यह यूनिट नियमित रूप से तय कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांव का दौरा करेगी। महाप्रबंधक श्री झा ने कहा कि एसईसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी निर्वहन कर रहा है।

■ जरुरतमंदों को मिलेगी नि:शुल्क स्वास्थ्य

### सिटी कोतवाली की ओर कूच किए बंदर...



**बैकुण्ठपुर।** जंगलो से निकलकर बंदर शहर तक पहुंचते रहते हैं। बीते दिनों बंदरों की टोली सिटी कोतवाली बैकुण्ठपुर तक पहुंची, जहां कोतवाली के मुख्य गेट के दोनों ओर दीवार में काफी देर तक दो बंदर ऐसे बैठे रहे मानों वे पुलिस की पहरेदारी में संतरी ड्यूटी कर रहे हो।

# सुशासन तिहार : कोरिया में 62 हजार मिले आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण एवं ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने दिए हैं।

उन्होंने बताया कि 8 से 11 अप्रैल तक चले सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जिलेभर से लगभग 62 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बैकुंठपुर जनपद पंचायत क्षेत्र से 49 हजार, सोनहत से 10,300 तथा नगर पालिका बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा व नगर पंचायत पटना से लगभग 2,100 आवेदन समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं, इसके अलावा 3,300 आवेदन ऑनलाइन भी प्राप्त हुए हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों की शीघ्र ऑनलाइन एंट्री कराई जाए, ताकि समाधान की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। इसके लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों के माध्यम से विभागवार एंट्री कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं जिन कम्प्यूटर ऑपरेटर को एंट्री करने का दायित्व सौंपा गया है,उस कार्य की सतत निगरानी रखें और सभी आवेदन सप्ताह के भीतर एंट्री कराया जाए। सीईओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल आवेदन की प्रविष्टि ही नहीं, बल्कि उनका त्वरित निराकरण भी अनिवार्य है। साथ ही आवेदकों को संबंधित कार्रवाई की जानकारी देना भी आवश्यक है,जिससे शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिल सके।

सीईओ ने कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है, उन मामलों की जानकारी शासन व संचालनालय को अवगत कराई जाए। वहीं यदि कोई आवेदन अपूर्ण स्थिति में प्राप्त हुआ हो, तो संबंधित आवेदकों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाए।




■ तेजी से करें ऑनलाइन एंट्री और निराकरण, सीईओ ने दिए निर्देश

# मोर द्वार साय सरकार महाभियान आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया है। इसी कड़ी में मंगलवार को पूरे प्रदेश में मोर दुआर साय सरकार विशेष महाभियान की शुरूआत की गई है।

यह अभियान 15 से 30 अप्रैल तक चलेगा, इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के स्थायी प्रतीक्षा सूची तथा पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें पक्के आवास का लाभ दिलाना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत हर गांव में जन-जागरूकता फैलाने के लिए मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, पंपलेट, सोशल मीडिया प्रचार जैसे माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है।

प्रथम चरण 15-19 अप्रैल तक अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा सांकेतिक सर्वेक्षण के साथ होगा। साथ ही ग्राम स्तर पर रैली, निबंध- चित्रकला प्रतियोगिताएं, रंगोली एवं गीत लेखन आदि आयोजनों से जन सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। द्वितीय चरण 20 से 28 अप्रैल तक ग्राम नोडल अधिकारी और सर्वेक्षक घर-घर जाकर शत-प्रतिशत परिवारों का सर्वे करेंगे। तृतीय चरण 29 से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण पूर्णता के प्रमाण-पत्र सरपंच एवं सर्वेक्षक के हस्ताक्षर से जिला कार्यालय को भेजे जाएंगे। हर ग्राम पंचायत ⏭ शेष पेज 4 पर

■ पात्र हितग्राहियों को मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ

# मनरेगा एवं पीएमएवाई-जी कार्यों का निरीक्षण



**बैकुंठपुर।** अपर आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा एवं पीएमएवाईजी के कार्यपालन अभियंता शिवकुमार सिन्हा मनरेगा राज्य कार्यालय से तकनीकी सहायक गोपाल हिरवानी के द्वारा जिला पंचायत एमसीबी अंतर्गत जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ एवं खड़गवां में प्रगतिरत एवं पूर्ण निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

जिले में प्रधानमंत्री आवास के साथ -साथ मनरेगा। एसबीएम अभिसरण से बने सामुदायिक शौचालय, एसएलडब्लूएम सेंटर के साथ व्यक्तिगत सुकर पालन शेड निर्माण, व्यक्तिगत कुआं का निर्माण, सामुदायिक मत्स्य पालन तालाब, पक्का चेक डेम निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी भवन, अमृत सरोवर तालाब एवं पौधा तैयारी (नर्सरी) कार्यों का अवलोकन किया गया। जिले में फील्ड निरीक्षण उपरांत जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (आरईएस), महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास की जिला पंचायत एवं जनपद की पूरी टीम के साथ समीक्षा बैठक लेकर योजनाओं में प्रगति लाते हुए योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं आजीविका विकास गतिविधियों से मनरेगा को जोड़ने सतत निर्देश दिए गए।

# बुढ़ार स्कूल में आयुष स्वास्थ्य मेला और योग शिविर



**बैकुण्ठपुर।** जिला आयुष अधिकारी कोरिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बुढ़ार में आयुष विंग, जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला, योग शिविर एवं स्वास्थ्य पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले 1000 दिवस के दौरान पोषण और जीवनशैली के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को आहार, विहार, दिनचर्या, रात्रिचार्य एवं ऋतुचार्य से संबंधित जानकारी दी गई। पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल के अंतर्गत कार्यक्रम में सबसे पहले योग सत्र का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न रोगों से बचाव के लिए योगाभ्यास और जीवन में योग के महत्व पर प्रशिक्षित किया गया, इसके बाद स्वच्छता एवं हस्त प्रच्छालन पर विस्तृत जानकारी दी गई। खासकर भोजन से पहले हाथ ⏭ शेष पेज 4 पर



# आवा पानी झोंकी अभियान के तहत जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सोनहत में आवा पानी झोंकी अभियान के तहत एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली का नेतृत्व ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच एवं पंचगणों द्वारा किया गया, इसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर विषय बन चुका है और पानी की एक-एक बूंद का संरक्षण आवश्यक है। रैली के दौरान पानी बचाओ-जीवन बचाओ, हर बूंद कीमती है जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। जनप्रतिनिधियों ने लोगों से अपील की कि वे नलों को खुला न छोड़ें, खेती में जल संरक्षण तकनीकों का उपयोग करें तथा वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाएं। इस मौके पर सरपंच ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम जल को व्यर्थ न बहाएं। यदि आज हम सचेत नहीं हुए, तो भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट का सामना ⏭ शेष पेज 4 पर

### मौसम साफ होने के बाद बढ़ने लगी गर्मी

# शहर में सार्वजनिक प्याऊ की दिख रही कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम खुलने के बाद दिनों दिन गर्मी बढ़ने लगी है, ऐसे में लोगों को अपने प्यास बुझाने के लिए शीतल जल की आवश्यकता होती है।

नगर पालिका बैकुण्ठपुर द्वारा अप्रैल माह की शुरूआत के साथ ही शहर के कुछ सार्वजनिक जगहों पर प्याउ खोला, लेकिन अप्रैल माह का एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी महत्वपूर्ण जगहों पर अब तक सार्वजनिक प्याउ नहीं खोले गए हैं। नपा द्वारा शहर क्षेत्र में सार्वजनिक प्याउ खोलने में कंजूसी दिखा रही है। यही कारण है कि जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में अब तक केवल गिनती के ही जगहों पर सार्वजनिक प्याउ खोला गया है। लोगों का कहना है नगर पालिका को प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर प्याउ खोलने की जरूरत है, ताकि ⏭ शेष पेज 4 पर




### एक पखवाडे में ही प्याऊ गायब

नपा द्वारा शहर के स्कूलपारा मुख्य मार्ग पर जिस जगह पर प्याउ खोला गया था, वहां मंगलवार को सार्वजनिक प्याउ का बैनर लटक रहा था, लेकिन उसके नीचे रखे घडे गायब थे। यहां प्याउ का शुभारंभ होने के कुछ दिन बाद तक घडे दिखाई दे रहे थे, लेकिन उसके बाद सार्वजनिक प्याउ का बैनर ही लटक रहा है। हालांकि इस जगह पर कम ही राहगीर प्याउ का उपयोग करते हैं।

### बस स्टैंड में अब तक नहीं खुला नपा का प्याऊ

नपा परिषद द्वारा अप्रैल माह की शुरूआत होने के साथ ही शहर के तीन जगहों पर सार्वजनिक प्याउ खोला गया, वहीं शहर के जिन जगहों पर लोगों की सबसे ज्यादा आवाजाही रहती है, उन जगहों पर अब तक सार्वजनिक प्याउ नहीं खुल पाया है, उन्हीं जगहों में व्यस्त क्षेत्र बस स्टैंड भी शामिल है। जानकारी के अनुसार शहर के न तो पुराने बस स्टैंड पर नपा द्वारा प्याउ खोला गया है और न ही न्यू प्रतीक्षा बस स्टैंड पर ही प्याउ की सुविधा दी गई, जबकि प्रतीक्षा बस स्टैंड पर काफी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, वहीं पास में ही तहसील कार्यालय है। ऐसे जगह पर प्याउ की सबसे ज्यादा जरूरत है, लेकिन इन जगहों पर प्याउ खोलने में नपा प्रशासन अब तक ध्यान नहीं दे रहा है।



नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते समाज के लोग

# अग्रहरि समाज के अध्यक्ष बने अतुल

**बैकुण्ठपुर।** अग्रहरि समाज बैकुंठपुर में रविवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से अतुल गुप्ता को समाज का नया अध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवाओं एवं महिलाओं ने एक स्वर में उनका समर्थन करते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। श्री गुप्ता एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। वे लंबे समय से समाजहित में कार्य कर रहे हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे और एकजुटता के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने समाज के युवाओं को आगे आने का आह्वान भी किया। श्री गुप्ता को अध्यक्ष बनाए जाने पर समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

15-APRIL- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/15/2025 7:45 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### कार्यशाला में नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को दी गई नए कानून की जानकारी

**सूरजपुर।** तीन नए आपराधिक कानून के पहलुओं से डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को अवगत कराने कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में नए कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एएसपी संतोष महतो द्वारा जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस एवं चिकित्सक तथा चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े सभी तीन नए कानून का अच्छी तरह अध्ययन करें जिससे इनका जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की अपराध विवेचना सहित घायलों को चिकित्सीय उपचार, मुलाहिजा व पोस्ट मार्डम में डॉक्टर व उनकी टीम का बड़ी महत्वपूर्ण कार्य होता है जिसमें सहयोग करने की बात कही। इस दौरान थाना प्रभारी विमलेश दुबे, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, जिला चिकित्सालय डॉक्टर, स्टाफ नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

### वक्फ बिल से आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जे पर लगा अंकुश, जताया आभार

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन पैकरा ने वक्फ बिल के दोनों सदनों में पारित होने पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तथा



केंद्रीय जनजाति कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि वक्फ संशोधन कानून आदिवासियों की भूमि पर अवैध कब्जे पर अंकुश एवं अनुसूचित जनजातियों की हितों की रक्षा करेगा। बिल में प्रावधान है कि संविधान के अनुसूची 5वीं एवं 6वीं के क्षेत्रों में किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा। इससे जनजातीय भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और जनजातीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा साथ ही प्रशासनिक और न्यायिक पारदर्शिता को भी सुनिश्चित करेगा। इस कानून में संशोधन से देश के साथ जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में खुशी की लहर है। यह निर्णय जनजातीय समुदायों के लिए वरदान लेकर आया है क्योंकि उनकी जमीन पर अतिक्रमण ओर स्वामित्व का विवाद लम्बे समय से चिंता का विषय रहा है।

### रात के समय टॉर्च की रोशनी में ऑपरेशन कर बचाई गई भैंस की जान

**लखनपुर।** पशु चिकित्सक ने दूसरे जिले में जाकर रात के समय टॉर्च की रोशनी मे ऑपरेशन कर भैंस की जान बचाई। चिकित्सक ने सिजेरियन के जरिए भैंस के पेट में मृत बच्चे को बाहर निकाला गया और अब भैंस पूर्ण रूप से स्वस्थ बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि 9 अप्रैल को पशुपालक बलरामपुर जिले के नरसिंहपुर निवासी सत्येंद्र प्रकाश यादव की भैंस गर्भकाल पूरा होने के बाद भी बच्चा नहीं दे पा रही थी। इस दौरान पशु मालिक ने नजदीकी पशु उपचार कर्ता को बुलाकर फंसे हुए बच्चे को खींचकर निकालने का प्रयास किया। लगभग तीन घंटे के प्रयास के बाद भी जब बात नहीं बनी तो उन्होंने देर शाम 7 बजे पशु चिकित्सक लखनपुर सफदर खान से सम्पर्क किया जिसके बाद उन्होंने उप संचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. आरपी शुक्ला से सम्पर्क कर अनुमति ली और बलरामपुर जिले में जाकर पशुपालक सत्येन्द्र प्रकाश यादव की सहमति से भैंस का ऑपरेशन कर फंसे हुए बच्चे को बाहर निकाला। चूंकि रात का समय था और बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति क्षेत्र में बाधित थी को टॉर्च की रोशनी में ही ऑपरेशन किया गया। इस दौरान एक मृत बच्चे को बाहर निकाला गया जिसके बाद भैंस की जान बच गई। इस दौरान डॉ. सफदर के पशु चिकित्सक व प्रभारी मोबाइल यूनिट राजपुर डॉ. गोपाल राजवाड़े मौजूद थे।

### विद्यालय प्रवेश पर केन्द्रीय विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** केंद्रीय विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विद्या प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद, प्रभारी मुख्य अध्यापिका श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव व अन्य शिक्षकों एवं अभिभावक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की नृत्य, गीत एवं अभिनय से सजी प्रस्तुतियों ने न केवल उनके उत्साह और प्रतिभा को उजागर किया बल्कि पूरे कार्यक्रम में उत्सव का वातावरण निर्मित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्रों को शिक्षण-सामग्री का वितरण किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद ने नवागंतुक विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय की शैक्षणिक दृष्टिकोण, अनुशासन एवं समग्र विकास की रूपरेखा साझा की। इस दौरान आनंद खेस, अनामिका, श्रीमती साक्षी यादव, श्रीमती वैशाली सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में पड़ेगा और अधिक प्रभाव

# छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट के झरनों की धार हुई पतली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/मैनपाट

गर्मी में छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में प्रदेशभर के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले झरनों की धार अब पतली हो गई है। झरनों की ऐसी स्थिति तब है जब मार्च एवं अप्रैल के महीने में क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। भविष्य में भीषण गर्मी पड़ने पर झरनों की सुंदरता पर विपरीत प्रभाव पड़ने एवं धार और अधिक पतली होने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**
- नदी-नालों के डूबान क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा धान का रकबा

मैनपाट से निकलने वाले एक दर्जन से अधिक नाली-नाले, घाट-पहाड़, प्राकृतिक विविधता एवं अनेक झरनों ने इसे न केवल अलग पहचान दिलाई है बल्कि पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राकृतिक विविधता के कारण मैनपाट में अपेक्षाकृत बेहद कम गर्मी पड़ती है। ठंड के मौसम में तो यहां का नजारा ही अलग होता है तथा दिसम्बर में तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। बुजुर्ग बताते है कि तीन दशक पूर्व तक यहां सालो भर रात में ठंडक लगती थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। जंगलों का तेजी से ह्रास होने एवं नदी-नालों की भूमि में अवैध अतिक्रमण होने के कारण मैनपाट का वातावरण तेजी से बदल रहा है तथा यहां भी अब भीषण गर्मी पड़ रही है। अप्रैल मध्य में ही पर्यटकों को आकर्षित करने वाले टाइगर पाइंट, मछली पॉइंट, मेहता पाइंट एवं दलदली झरने की धार पतली हो गई हे। नदियों का जलस्तर कम होने के कारण टाइगर पाइंट से जल एक रेखा शक्ल में गिर रहा है। यही हाल अन्य झरनों का है। अब झरनों के पास न तो पानी गिरने का संगीत सुनाई देता है न ही आसपास में फव्वारे जैसा दृश्य नजर आता है। भविष्य में गर्मी बढ़ने पर झरनों की धार में और अधिक कमी आने की संभावना जताई जा रही है। गर्मी में झरनों का कलरव बंद होने के कारण पर्यटकों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है।



टाइगर पॉइंट झरना।



दलदली झरना।

**जगह-जगह हो रही ग्रीष्मकालीन धान की खेती**

मछली नदी, घुनघुट्टा नदी, महादेव नदी, उड़मकेला नाला, मेघारोना सहित अन्य नदी-नालों के जलस्तर में कमी होने के पीछे ग्रीष्मकालीन धान की खेती को बड़ा कारण माना जा रहा है। ग्रामीण जगह-जगह नदी-नालों को बांधकर ग्रीष्मकालीन धान की खेती कर रहे है। नदी किनारे के खेतों में लगी ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई नदी-



नालों के पानी से की जा रही है। जिसके कारण नदी-नालों का जलस्तर तेजी से कम हो रहा है। नदी के डूबान क्षेत्र की भूमि का उपयोग ग्रामीण ग्रीष्मकालीन धान की खेती के लिए कर रहे हैं। ग्राम रंगुआपारा, बारीडांड, घटगांव, पैगा, सुपलगा, जवाखार सहित आसपास के गांवों में लोग बड़े पैमाने पर ग्रीष्मकालीन धान की खेती कर रहे हैं।

**लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण**

लगातार बढ़ रहा अवैध अतिक्रमण भी नदी-नालों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा साबित हो रहा है। ग्रामीण नदी-नालों के डूबान क्षेत्र को खेत बना दिए है। नदी के बहाव को बाधित कर ग्रामीणों ने दोनों ओर मेड़ बनाकर नाले का शक्ल दे दिया है। नदी-नालों के उद्गम स्थल भी अवैध अतिक्रमण से सुरक्षित नहीं है। क्षेत्रवासी नदी-नालों के उद्गम स्थलों की भूमि पर खेती कर रहे हैं जो भविष्य में नदी-नालों के अस्तित्व के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। मैनपाट के वातावरण में आ रहे बदलाव को लेकर इस तरह के मूल कारणों पर किसी का ध्यान नहीं है। जानकार बॉक्साइट उत्खनन के लिए लगातार किए जा रहे धमाके को भी नदी-नालों के अस्तित्व के लिए खतरनाक मान रहे है।



### साथी मिलने के बाद उत्पाती दंतैल हुआ सामान्य, लौटे विशेषज्ञ चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुरक्षा के लिए चुनौती बना लोनर दंतैल के व्यवहार में अब व्यापक बदलाव देखा जा रहा है। दिन-रात एक रेंज से दूसरे रेंज तक भ्रमण करने के साथ ही तीन ग्रामीणों को मौत के घाट उतारने वाला दंतैल अब दूसरे लोनर दंतैल के साथ मिल गया है। दूसरे दंतैल का साथ मिलने के बाद उसकी गतिविधियां कम हो गई है।

- तीन लोगों की ले चुका है जान, शासन ने दी थी ट्रेंक्यूलाइज करने की स्वीकृति

दंतैल 20 दिन पूर्व दल से अलग होकर बेहद आक्रामक हो गया था तथा लगातार एक जंगल से दूसरे जंगल में भ्रमण कर रहा था। एक सप्ताह के भीतर दंतैल शंकरगढ़, सेमरसोत अभ्यारण्य अंतर्गत कोदौरा एवं प्रतापपुर में तीन लोगों की जान ले चुका था। दंतैल के आक्रामक स्वभाव को देखते हुए विभाग ने उसे ट्रेंक्यूलाइज कर रेडियों कॉलर लगाने का प्रस्ताव भेजा था। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद कानन पेंडारी के चिकित्सक डा. चंदन पहुंचे थे। विभाग द्वारा दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज करने की तैयारियां पूरी कर ली गई थी। इस दौरान दंतैल सहित अन्य तीन लोनर हाथियों के एक साथ भ्रमण करने की सूचना पर उसके दल से अलग होने का इंतजार किया जा रहा था। इधर दल में शामिल होने के बाद दंतैल के व्यवहार में व्यापक बदलाव आ गया है। हालांकि लोनर हाथी फिर से अलग-अलग क्षेत्रों में घूम रहे हैं। दंतैल के व्यवहार में अंतर आने एवं दिन-रात भ्रमण करने की जगह अब रात में भोजन की तलाश में निकलते देख विभाग ने फिलहाल उसे ट्रेंक्यूलाइज करने का प्रस्ताव स्थगित कर दिया है। दंतैल ने व्यवहार में बदलाव आने के बाद डॉ.चंदन वापस कानन पेंडारी लौट गए हैं। इस बीच दंतैल ने अपने साथी के साथ मोहनपुर, कल्याणपुर तथा शहर से सटे सकालों जंगल का भ्रमण किया। दंतैल दुप्पी-चौरा, राजपुर जंगल का भ्रमण करते हुए वापस प्रतापपुर जंगल में पहुंच गया है तथा टुकुडांड बीट अंतर्गत नवाडीह-पेंडारी जंगल के आएएफ 4849 में मौजूद है। वन अधिकारियों का कहना है कि जंगल के बड़े इलाके एवं आबादी क्षेत्र के निकट भ्रमण करने के बावजूद उसने उत्पात नहीं मचाया है।

इस संबंध में वन संरक्षक वाइल्ड लाइफ केआर बढ़ई ने बताया कि बड़े दंतैल के साथ भ्रमण करने के कारण दंतैल के स्वभाव में बदलाव आया है तथा अब वह सामान्य हो गया है। दंतैल की नियमित निगरानी की जा रही है।

## क्षेत्र वासियों को मिल सकती है रेलवे लाइन की सौगात

**रामानुजगंज।** आजादी के 75 वर्षों के बाद क्षेत्र वासियों को जल्द मिल सकती है रेलवे लाइन की सौगात, ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण का कार्य हो रहा है। नगर की सीमा से महज 500 मीटर की दूरी पर रेलवे द्वारा डीपीआर तैयार करने हेतु ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण का कार्य कराया जा रहा है। जिस प्रकार से तेजी से रेलवे द्वारा रेल लाइन बिछाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उससे क्षेत्र वासियो में आस जगी है कि जल्द क्षेत्र में रेल लाइन की सौगात मिलेगी। डीपीआर तैयार करने हेतु मिट्टी परीक्षण का कार्य कर रहे कंपनी कर्मचारियों ने बताया कि गढ़वा से अंबिकापुर रेल लाइन के लिए कंपनी द्वारा कन्हर नदी में ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ एवं झारखंड में वन भूमि से होकर रेल लाइन गुजरेगी। इसके लिए अनुमति के बाद डीपीआर बनाने का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि निजी भूमि भी अधिग्रहित की जाएगी इसके लिए शासन को पत्र रेलवे द्वारा लिखा जा चुका है। जिस प्रकार से भारत सरकार के उपक्रम रेल विभाग द्वारा अंबिकापुर रेल लाइन के लिए निर्माण के लिए मिट्टी का परीक्षण कराया जा रहा है उसे लोगों में आज जगी है कि जल्द क्षेत्र वासियों को रेल लाइन की सेवा मिलेगी। जिसे लेकर क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

- ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण कार्य प्रारंभ



## सर्व कुम्हार समाज ने किया माटी कला बोर्ड अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश में निगम मंडल विस्तार के बाद माटी कला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती का प्रथम सरगुजा आगमन पर सर्व कुम्हार समाज के जिला अध्यक्ष शंकर प्रजापति के नेतृत्व पर सर्किट हाउस में समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया।

इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ के कुम्हारों की जनगणना कराएंगे। कुम्हार समाज में विभिन्न संगठनबंटा हुआ है जिसे सबकी सहयोग से एक करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में तापभट्टी केंद्र खोलकर समाज के लोगों को रोजगार दिलाया जाएगा। समाज के लोगों को रोजगार की मुख्य धारा में जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेंगे। अध्यक्ष शंकर प्रजापति ने कहा सरगुजा संभाग से माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष हम सबको मिला है यह खुशी की बात है। नवनियुक्त अध्यक्ष के नेतृत्व में सरगुजा की कुम्हार कार्य करने को उत्सुक है। सरगुजा के सभी ब्लॉकों में समाज के पदाधिकारी कार्य करने में जुट गए हैं। इस दौरान शोभनाथ प्रजापति, प्रताप प्रजापति, फागुन प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति,परमेश्वर प्रजापति, दशरथ प्रजापति, समेलाल प्रजापति, सिद्धार्थ प्रजापति, घासीराम प्रजापति, मदन मोहन प्रजापति, मनोज प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, मनोहर प्रजापति, मुरली प्रजापति सहित अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।



## संयुक्त सुरक्षा दल ने चोरी के कलपुर्जे लोड मालवाहक को खदान परिसर में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के त्रिपुरा बटालियन के सशस्त्र जवानों व कंपनी सुरक्षा अमले की संयुक्त पेट्रोलिंग दस्ते की टीम ने सोमवार करीब तीन बजे मुखबिर की सूचना पर बलरामपुर खदान से लोहे की मशीनरी पार्ट की चोरी कर ले जा रहे पिकप वाहन को पकड़कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंपा है।

- वाहन छोड़ मौके से फरार हुए कबाड़ चोर

बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में कंपनी सुरक्षा कर्मी उजीत राम की रिपोर्ट पर मिनी मालवाहक वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2763 के मालिक सहित अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4),305(ए),3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।पुलिस घटना के बाद से फरार हुए आरोपियों की पता तलाश में जुटी है।पिकप वाहन में जप्त लोहे के कल्पुर्जो की कीमत करीब 40 हजार रुपये आंकी गई है।पुलिस को दर्ज कराए रिपोर्ट में सुरक्षा कर्मी उजीत राम ने बताया है कि मिनी मालवाहक वाहन को मध्य रात्रि में कबाड़ चोर बलरामपुर खदान परिसर के भीतर ले जाकर वहां मौके पर पड़े लोहे की मशीनरी पार्ट लोहे का गाटर,लोहे की लंबी सीट प्लेट व ड्रम को लोड कर कबाड़ी ले जाने की तैयारी में जुटे थे तभी पेट्रोलिंग दस्ता मौके पर पहुंच गया।पेट्रोलिंग दस्ते को करीब आता देख मिनी मालवाहक वाहन में सवार करीब 5 की संख्या में कबाड़ चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले जिसके बाद पेट्रोलिंग पार्टी ने लोहे के कल्पुर्जे लोड गाड़ी को बिश्रामपुर थाना लाकर पुलिस को सौंप दिया है।

बता दे कि जिले की पुलिस कबाड़ व कोयला सहित अवैध कारोबारियों पर पूरी तरह नियंत्रण का दावा करती है लेकिन सच्चाई इसके ठीक उलट है।इस घटना के बाद खदान क्षेत्रों में कबाड़ चोरों की सक्रियता के पुख्ता प्रमाण मिले हैं।जप्त वाहन में लोड किया लोहा इतवारी बाजार निवासी गुड्डा कबाड़ी की बताई जा रही है।गुड्डा कबाड़ी हाल ही में मिनी माल वाहक वाहन से कोयला चोरी कर भागते बिश्रामपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा था लेकिन कुछ समय के बाद बाहर आने पर वह फिर से अवैध कारोबार में जुट गया है।



### सिर दर्द से पीड़ित ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। ग्राम बुटूकछार निवासी बालेश्वर पिछले एक साल से सिर दर्द से पीड़ित था। परिजन स्थानीय अस्पताल में उपचार कराए लेकिन दर्द कम नहीं हुआ। शनिवार की रात अत्यधिक सिर दर्द होने पर पत्नी ने तेल सिर में लगाई जिसके बाद ग्रामीण सो गया। आज तड़के लगभग 3 बजे उठा और दर्द ज्यादा होने की शिकायत की। परिजन उसे कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।



### काट दिए गए एसईसीएल महाप्रबंधक निवास प्रांगण में लगे डेढ़ दर्जन फलदार वृक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला खदान क्षेत्र में पौधा रोपण के नाम से कई लाख रुपये खर्च करने और विश्व पर्यावरण दिवस में पर्यावरण बचाने हेतु शपथ दिलाने वाले एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक की धर्मपत्नी के द्वारा कंपनी आवास जीएम बंगला के अहाते से लगे दर्जन भर से अधिक हरे भरे विशाल फलदार पेड़ों को कटवा दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

- नब्बे के दशक में तत्कालीन महाप्रबंधक ने पर्यावरण दिवस में लगवाये थे

बताया गया कि वर्तमान समय में पतझड़ के चलते जीएम बंगला के प्रवेश द्वार सहित प्रांगण में पेड़ो से पत्ते गिर रहे हैं।सफाई पसंद जीएम की अर्धांगनी को यह बात नागवार गुजरी जिसके बाद उन्होंने अपने स्टॉफ को डेढ़ दर्जन भर से अधिक पुराने फलदार वृक्षों को काटने का मौखिक आदेश दे दिया और फिर स्टॉफ ने बंगला के बगल में लगे करीब डेढ़ दर्जन की संख्या में बड़े फलदार वृक्षों को काटकर जमींदोज कर दिया है।घटना के बाद अब मौके से सबूत मिटाने के लिए कटे हुए पेड़ो के ठूंठ को भी निकलवाए जा रहे हैं।खबर है कि बंगला में काम करने वाले स्टॉफ भी जीएम की पत्नी के फलदार दर्जन भर से अधिक पेड़ों के काटने के आदेश के बाद असहज महसूस कर रहे थे लेकिन बाद में आदेश मानने की मजबूरी में स्टॉफ ने पहले इलेक्ट्रिक आरी की व्यवस्था की और फिर बारी बारी से अठारह से बीस की संख्या में फलदार पेड़ो को काट कर गिरा दिया गया।बताया गया कि उक्त काटे गए वृक्षों को नब्बे के दशक में तत्कालीन जीएम ने पर्यावरण दिवस के मौके पर रोपित करवाए थे, तब पौधों को बचाने के लिए अधिकारी ने इस एरिया की फेंसिंग भी कराई थी जो आज भी मौजूद है।जीएम बंगला परिसर में लगे बड़े बड़े वृक्षों को एक आदेश में कटवाने की घटना को लेकर नगर में तीखी प्रक्रिया सामने आई है।पर्यावरण बचाने पौधा रोपण की मुहिम चलाने वाले प्रकृति प्रेमियों ने इस घटना की निंदा कर पूरे मामले की जांच की मांग की है।

## वनोपज जांच नाका बना अवैध वसूली का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर मार्ग धरमपुर में स्थित वनोपज जांच नाका अवैध वसूली केंद्र बन गया है। वन विभाग के कर्मचारी प्रतिबंधित मार्ग का हवाला दे भारी वाहनों से खुलेआम 50 से 100 और 200 प्रति वाहन वसूल रहे। आरोप है कि रोजाना बड़ी संख्या में वाहन गुरती है और सभी से वसूली होता है। ऐसे में किसी प्रकार की जांच व कार्रवाई नहीं होने से विभागीय कार्य शैली पर ही सवाल उठने लगे है।

- प्रतिबंधित मार्ग का हवाला देकर भारी वाहन से वसूल रहे राशि

जानकारी अनुसार अंबिकापुर प्रतापपुर मार्ग पूर्व के वर्षों में जब एकांगी सड़क था, तब सामान्य आवागमन को ध्यान में रख तत्कालीन प्रशासन ने मार्ग पर भारी वाहनों के आवाजाही पर रोक लगा दिया था। अब मार्ग चौड़ीकरण होने के बाद वनोपज जांच नाका में कथित रूप से आदेश का हवाला देकर भारी वाहनों से खुलेआम वसूली की जा रही। कई बार शिकायत के बावजूद अवैध वसूली पर न तो रोक लगा नहीं और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई की गई। ऐसे में बेरियर में लंबे समय से जमे कर्मी बेखौफ होकर वसूली कर रहे है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वनोपज जांच नाका में जांच छोड़कर सिर्फ वसूली हो रही। वनोपज जांच के लिए लगे नाका में वन कर्मी दिनदहाड़े कोयला, गिट्टी, बालू समेत अन्य वाहनों से बेरियर रोककर वसूली उपरांत ही आगे जाने देते है। लोगो का कहना है कि वनोपज नाका के बावजूद आसपास के जंगल में बड़े पैमाने पर जंगल से पेड़ों की कटाई कर इमारती लकड़ियों की तस्करी की जाती है। स्थानीय लोगों ने वनोपज जांच नाका में हो रही अवैध वसूली की जांच और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।



**अस्पताल में प्रवेश करना मुश्किल**

नाका में जांच के नाम पर वाहनों की लंबी कतार अस्पताल तक लग जाती है। ऐसे में अस्पताल प्रवेश द्वार के सामने वाहनों की भीड़ होने तथा मांग बाधित हो जाने से अस्पताल तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। चिकित्सक द्वारा प्रवेश द्वार बाधित नहीं करने की बात कहने पर विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस तरह की स्थित आए दिन निर्मित होती है जिसे लेकर अस्पताल स्टाफ सहित लोग परेशान है।

**नहीं है जानकारी**

वनोपज जांच नाका में भारी वाहनों से राशि वसूल की जाती है इसकी जानकारी नहीं है। मामला संज्ञान में आया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

-उत्तम मिश्रा, रेंजर प्रतापपुर

15-April- JAS-KORIYA-RAG- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/15/2025 7:44 PM Page 1



## ग्राउंड जीरो 10 दिन बाद देगी दस्तक

**मुंबई।** इमरान हाशमी की अपकमिंग फिल्म ग्राउंड जीरो 10 दिन बाद सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए एकदम तैयार है। फिल्म की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है



जिसके चलते दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता ज्यादा है। इस बीच फिल्म 38 साल बाद इतिहास रचने जा रही है। तेजस विजय देओस्कर के निर्देशन में बनी ग्राउंड जीरो सिनेमाघरों में 25 अप्रैल को दस्तक देने जा रही है। मरग फिल्म सिनेमाघरों में आने के बाद ही कुछ खास लोगों के लिए प्रीमियर की जाएगी। 38 साल में ऐसा करने वाली ग्राउंड जीरो पहली फिल्म है। इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो अब इतिहास रचने जा रही है। पिछले तीन दशक के बाद यह पहली फिल्म है जिसका श्रीनगर में प्रीमियर होगा। प्रीमियर का आयोजन 18 अप्रैल को होने वाला है।

## एक्शन से भरपूर 'हिट 3' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नानी की फिल्म 'हिट 3' का दमदार ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज किया गया है।



एक्शन और मारधाड़ से भरपूर इस ट्रेलर में नानी पुलिस अधिकारी के दमदार किरदार में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर रिलीज पर फैंस अपनी प्रतिक्रिया लगातार शेयर कर रहे हैं। नानी की फिल्म हिटः द थर्ड केस का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर कुल 3 मिनट 31 सेकंड का है, जो नानी के प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। इस ट्रेलर में नानी पुलिस अधिकारी अर्जुन सरकार के दमदार अंदाज में नजर आए, जो पल भर में दुश्मनों के छक्के छुड़ाता है। हिट 3 के ट्रेलर में साफ नजर आ रहा है कि नानी इस फिल्म में अर्जुन सरकार नाम के एक गुस्सैल पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं।

# 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर लगाई लंबी छलांग, अब लाहौर में मचाएंगे 'गदर'



*बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने 'गदर 2'से बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अब जाट से उन्होंने दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की और तहलका मचा दिया है। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित फिल्म में रणदीप हुड्डा ने विलेन का रोल प्ले किया है। फिल्म में विनीत कुमार सिंह, राम्या कृष्णन और जगपति बाबू ने अहम भूमिका निभाई है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लेडी विलेन के रोल में रेजिना कैसांड्रा ने दर्शकों को काफी इंप्रेस किया है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने सिंगल डिजिट में कमाई की, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई में इजाफा हुआ।

आइए एक नजर डालते हैं जाट के शनिवार के कलेक्शन पर। शुक्रवार को एक वर्किंग डे वाले दिन गिरावट के बाद,जाट लगातार तेजी से बढ़ रहा है। इसने रविवार को अब तक की सबसे अच्छी सुबह की ऑक्यूपेंसी दर्ज की है। सैकनिल्क के अनुसार, गोपीचंद मालिनेनी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने 11.67% की एडमिशन दर्ज की है, जो पिछले 24 घंटों में 42% की वृद्धि है। सनी देओल की फिल्म जाट का चौथे दिन का कलेक्शन वीकेंड होने की वजह से काफी तेजी से बढ़ रहा है। छुट्टी वाला दिन होने की वजह से फिल्म को इसका भरपूर फायदा मिल रहा है। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिलक के मुताबिक फिल्म ने चौथे दिन अब तक 11.88 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिलहाल ये शुरुआती आंकड़े हैं, जो बदल सकते हैं। शाम तक फाइनल आंकड़े आ जाएंगे। इसके मुताबिक फिल्म ने अब तक कुल 38.13 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म बहुत जल्द 40 करोड़ का कलेक्शन क्रॉस कर लेगी। जाट के बाद सनी देओल आमिर खान की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगे जिसमें उनके साथ प्रीति जिंटा होंगी।

## हॉलीवुड मसाला

## केटी ने भरी अंतरिक्ष की उड़ान




**लॉस एंजिलिस।** 14 अप्रैल को इतिहास रचा गया, जब पश्चिम टेक्सास से ब्लू ओरिजिन की पहली ऑल-वुमन स्पेस फ्लाइट अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। इस खास मिशन एनएस-31 का हिस्सा थीं दुनिया की छह दमदार महिलाएं, जिनमें पॉप सेंसेशन केटी पेरी, टीवी आइकन गेल किंग, पत्रकार लॉरेन सांचेज, नासा की रॉकेट वैज्ञानिक आयशा बोवे, बायोएस्ट्रोनॉटिक्स की शोधकर्ता अमांडा गुयेन, और फिल्ममेकर केरियन फ्लिन शामिल हैं।




## निक की गंभीर हालत में हुई इमरजेंसी सर्जरी...

**लॉस एंजिलिस।** हैरी पॉटर सीरीज में 'स्केबियर' का किरदार निभा चुके अभिनेता निक मोरन इन दिनों एक गंभीर स्वास्थ्य संबंधित परेशानी से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें हाल ही में एक इमरजेंसी सर्जरी से गुजरना पड़ा है जिसमें उनकी जान को भी खतरा था। अभिनेता को फिलहाल आईसीयू में रखा जा रहा है। इस खबर के बारे में उनके करीबी दोस्त और अभिनेता टेरी स्टोन ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। अभिनेता के दोस्त ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि निक को इस हफ्ते एक इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालत इतनी गंभीर थी कि डॉक्टरों ने आशंका जताई कि वह शायद दोबारा न चल सकें या बोल सकें। स्टोन ने आगे अपडेट देते हुए कहा, "निक की बड़ी सर्जरी हो चुकी है और अब वह आईसीयू में ठीक हो रहे हैं।



## फिल्म 'दायरा' में दिखेगी करीना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान पिछले कुछ समय से पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रही हैं। मगर अब एक्ट्रेस के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आ रही। बेबो जल्दी ही एक क्राइम ड्रामा मूवी में लीड रोल प्ले करने वाली हैं। इस फिल्म के बारे में अभिनेत्री ने खुद अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया है। पिछले कुछ वक्त से साउथ और हिंदी फिल्म का शानदार ताल-मेल देखने को मिल रहा है। कई साउथ के कलाकार हिंदी फिल्मों में शानदार काम कर रहे हैं। ऐसे ही बॉलीवुड के कई सितारों ने साउथ की फिल्मों में शानदार डेब्यू किया है। इस कड़ी में अब बेबो भी अपनी नई फिल्म में साउथ के मशहूर अभिनेता के साथ नजर आने वाले हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर उनके साथ फोटो पोस्ट करते हुए फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है।



## अमिताभ ने पूछा- फॉलोअर्स बढ़ाने का जुगाड़

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन का जलवा सिर्फ बड़े पर्दे तक सीमित नहीं है। उनकी आवाज, उनका अंदाज और उनकी सादगी दशकों से लोगों के दिलों पर राज कर रही है। सोशल मीडिया पर भी बिग बी का अलग ही रंग नजर आता है। वह अपने प्रशंसकों से हर दिन कुछ न कुछ साझा करते हैं, चाहे वह उनकी जिंदगी की छोटी-छोटी बातें हों या फिर उनके ब्लॉग के जरिए कोई खास संदेश। हाल ही में अमिताभ ने एक्स पर अपने फॉलोअर्स को लेकर एक मजेदार सवाल पूछा। उन्होंने लिखा, बड़ी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ये 49 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा बढ़ ही नहीं रहा। कोई तरीका हो तो बताइए। इस पोस्ट के बाद फैंस ने मजेदार और दिलचस्प जवाबों की बौछार कर दी। किसी ने उन्हें सलाह दी कि वह एलन मस्क की कंपनी के बनाए चैटबॉट ग्रोक का इस्तेमाल करें।

## टीवी मसाला



## जल्द ही दया भाभी को वापस लाने लगाऊंगा जोर

**मुंबई।** कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा आज छोटे पर्दे के सबसे पॉपुलर सिटकॉम में से एक है। इस शो के सभी किरदार घर-घर में मशहूर हो गए, खासकर दयाबेन और जेठालाल। दयाबेन का किरदार दिशा वकानी ने निभाया था। वह 9 सालों तक शो का हिस्सा रहीं और दयाबेन के किरदार से लोगों को हंसाया। जब से दिशा वकानी ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा छोड़ा है, फैंस उन्हें बहुत मिस करते हैं। अब असित मोदी ने फिर से दयाबेन के रूप में दिशा की वापसी पर बयान दिया है। एक लेटेस्ट इंटरव्यू में असित मोदी ने हिंट दिया है कि वह जल्द ही दयाबेन को लाएंगे। बातचीत में असित ने कहा, शो की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। लोग शिकायत करते हैं कि दया भाभी के जाने के बाद से उन्हें शो पसंद नहीं आया और मैं भी इससे सहमत हूं। मैं जल्द ही दया भाभी को वापस लाऊंगा। लेखकों और अभिनेताओं की पूरी टीम दया भाभी की कमी को पूरा करने की पूरी कोशिश करती है। दया भाभी जल्द ही वापस आएंगी।

## नील ने शो की गिरती टीआरपी पर तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** गुम है किसी के प्यार में हमेशा से दर्शकों का पसंदीदा शो रहा है। हालांकि जब से सीरियल ने लीप लेकर कहानी में बदलाव किया। इसकी टीआरपी गिरती चली गई। दर्शकों ने कहानी में रुचि लेना बंद कर दिया।



अब नील की भूमिका निभा रहे परम सिंह ने इसपर चुप्पी तोड़ी है। परम सिंह ने इंडिया फोरम संग बात करते हुए कहा, "हां, रेटिंग में थोड़ा सुधार हुआ है। हालांकि, मैं अभी भी संतुष्ट नहीं हूं। मैं यही चाहता हूं कि यह टीआरपी रेस में ऊपर आ जाए, तभी हमारी कड़ी मेहनत रंग लाएगी। हमलोग काफी मेहनत कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह कोई बात नहीं हुई और ऐसा बोलना कि नए कलाकारों की वजह से टीआरपी चार्ट में गिरावट आई है, यह गलत है। कभी कभी कोई नई कहानी दर्शकों को तुरंत पसंद आ जाती है, कभी इसमें समय लग सकता है। इसलिए लिए चाहिए कि पूरी टीम मेहनत से काम करें। मैं केवल ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम कर सकता हूं। बाकी, मुझे नहीं पता कि कार्यालयों में क्या हो रहा है।

## दीवार में सिर मारकर क्या होने वाला है


मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा इन दिनों अपनी नई रिलीज फिल्म 'छोरी 2' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। प्राइम वीडियो की इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म को दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं। ऐसे में फिल्म की सफलता के बीच नुसरत भरुचा ने आयुष्मान खुराना स्टारर 'ड्रीम गर्ल 2' में अनन्या पांडे संग रिप्लेस होने को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात का बहुत बुरा लगा है कि फिल्म के सीक्वल में सिर्फ एक्ट्रेस को ही बदला गया, बल्कि बाकी की पुरानी कास्ट लगभग वही थी।



नुसरत भरुचा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बिना नाम लिए अपने ही सीक्वल में रिप्लेस होने पर बात की। एक्ट्रेस बोलीं, 'इससे मुझे और भी ज्यादा तकलीफ हुई जब मैं अपनी खुद की सीक्वल का भी हिस्सा नहीं रही। जब लड़की को छोड़कर हर दूसरा एक्टर वही था, जो मुझे अच्छा नहीं लगा। बस अच्छा नहीं है. लेकिन, ठीक है कोई इशू नहीं है। मैं आपके साथ ईमानदार रहूंगी। मैं किसी ऐसी चीज से नहीं लड़ सकती जिसके बारे में मुझे पता है कि वो किसी भी तरह से नहीं बदलने वाली है। जहां मुझे पता है कि कुछ नहीं है, मैं क्यों लड़ूं? मैं क्या कहने जा रही हूं? वे कहेंगे क्योंकि हम आपको नहीं चाहते। यही इसकी सच्चाई है, ये यहीं खत्म हो जाता है। आखिरकार ये किसी की पसंद है, है ना? मैं आपकी पसंद पर सवाल नहीं उठा सकती। दीवार में सर मारकर क्या होने वाला है? सर टूटेगा अपना। कोई बात नहीं, कहीं और दरवाजा बना लो, अपनी खिड़की बना, वहां से एक कदम आगे पीछे करलो, अंदर बाहर कर लो।'

### रीम के दमदार वापसी से फैंस भी खुश

**मुंबई।** लाफ्टर शेफ्स के सीजन 2 में निया शर्मा के बाद दो पुराने कंटेस्टेंट की एंट्री हो गई है, जो एक बार फिर अपनी कुकिंग स्किल्स से दर्शकों दिलों में अपनी जगह बनाएंगे। यह कंटेस्टेंट और कोई नहीं, बल्कि रीम समीर शेख और अली गोनी हैं। दोनों की शो में उनके दमदार वापसी से फैंस भी काफी खुश हैं। 6 साल की छोटी उम्र से एक्टिंग की दुनिया में चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में शामिल होने वाली एक्ट्रेस रीम समीर शेख ने कई टीवी शोज में अपनी जबरदस्त एक्टिंग से पॉपुलैरिटी हासिल की है। उन्होंने टीवी शो 'नीर भरे तेरे नैना देवी' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था. इस सीरियल में वह 'लक्ष्मी' के किरदार में नजर आई थीं।



## फैंस को दी विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं...



*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इंडियन ड्रेस में अपनी दो बोहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं। इन्हीं तस्वीरों के साथ जान्हवी ने अपने फैंस को विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं दी हैं और साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो बेहतरीन तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। पहली तस्वीर में जान्हवी ट्रेडिश्नल साउथ इंडियन साड़ी में हैवी गोल्ड ज्वैलरी में सेल्फी लेजी नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में 'परम सुंदरी' अभिनेत्री लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरों और वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, ''विशु और पुथांडु की शुभकामनाएं। मेरे मलयाली और तमिल परिवार, मुझे उम्मीद है कि आपका आने वाला साल प्यार, समृद्धि और खुशी से भरा होगा। आप लोगों ने हमेशा मुझे बहुत प्यार और प्रोत्साहन दिया है और मुझे अपना हिस्सा होने का एहसास कराया है- और यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' जान्हवी ने आगे लिखा, 'अगर मैं कम से कम आपकी मीठी मीठी भाषा में बात करने की कोशिश नहीं करती तो मैं उस विशेषाधिकार के लायक महसूस नहीं करती। तो यह मेरा प्रयास है। प्लीज मेरी गलतियों के लिए मुझे माफ करें। मैं अभी भी सीख रहा हूं, लेकिन जल्द ही वहां पहुंच जाऊंगी मैं वादा करती हूं।*

## मनोरंजन का डबल डोज, इस हफ्ते आएगी सीरीज और फिल्मों की बाढ़


## मनोरंजन का डबल डोज, इस हफ्ते आएगी सीरीज और फिल्मों की बाढ़

*__मुंबई।__ कोरोना काल में ओटीटी प्लेटफॉर्म ने लोगों की बेरंग सी जिंदगी में रंग भरे। जब थिएटर में ताला लगा था, तब ओटीटी पर फिल्मों और सीरीज ने लोगों का इस कदर मनोरंजन किया कि आज यही प्लेटफॉर्म आम आदमी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। बदलते समय के साथ लोगों को डबल मनोरंजन का साधन मिला। हर हफ्ते थिएटर में नई फिल्में रिलीज होती हैं, तो वहीं ओटीटी पर भी थ्रिलर से सस्पेंस, हॉरर और कॉमेडी अलग-अलग जॉनर की फिल्में-सीरीज आती हैं। अप्रैल के पहले हफ्ते में जाट से लेकर छावा तक कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज हुई जिन्हें ऑडियंस ने बहुत ही चाव से देखा। अब दूसरे हफ्ते यानी कि 14 से लेकर 20 तारीख तक की रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज की भी पूरी लिस्ट आ गई है, तो चलिए बिना देरी किए देख लेते हैं:-*



### केसरी चैप्टर 2

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम अक्षय कुमार-अनन्या पांडे और आर माधवन की फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' का है, जो थिएटर में दस्तक देगी। इस बार खिलाड़ी कुमार दुनिया के सामने अपनी फिल्म के माध्यम से जलियावाला बाग हत्याकांड का सच उजागर करते हुए दिखाई देंगे। फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।



### खौफ

रजत कपूर, चुम दरांग, सुची मल्होत्रा और रिया शुक्ला स्टारर 'खौफ' का ट्रेलर कुछ दिनों पहले ही ऑडियंस के सामने आया है। ये एक हॉरर जॉनर की सीरीज है, जिसकी कहानी एक होस्टल रूम की है, जिसका हिंसा का एक इतिहास रहा है। जो लड़की उस कमरे में रहती है, उसकी लड़ाई अतीत के साथ-साथ कई ऐसी सुपरनैचुरल फोर्सेस से होती है, जो बहुत ही पावरफुल हैं। फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।



### लॉगआउट

इरफान खान के बेटे का सिक्का भले ही थिएटर में न चल सका हो, लेकिन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उन्हें अभिनय टैलेंट दिखाने का पूरा मौका मिल रहा है। उनकी फिल्म 'लॉगआउट' भी रिलीज के लिए तैयार है। ये एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो एक सोशल इन्फ्लुएंसर है और एक के बाद एक माइलस्टोन अचीव कर रहा है। फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।



### ओक्लाहोमा सिटी बॉम्बिंगः अमेरिकन टेरर

ये डॉक्यूमेंट्री फिल्म अल्फ्रेड पी मुर्रा फेडरल बिल्डिंग में हुए घरेलू आतंकवादी ट्रक बम ब्लास्ट पर केंद्रित है, जो 19 अप्रैल 1995 में ओक्लाहोमा सिटी, यूनाइटेड स्टेट पर बेस्ड है। ये उस घटनाक्रम को दर्शाती है, जहां 168 लोगों ने इस हादसे में अपनी जान गंवा दी थी। फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।



### यमकाथागी

इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक शवगृह में बंद है और उस जगह को नहीं छोड़ना चाहती है। उसकी रहस्यमयी मौत के बाद एक इन्वेस्टीगेशन शुरू होती है। इस तमिल मूवी में, दीप दुरैराज, हरिथा, गीता कैलासम, रूपा कोडुवयूर, नरेंद्र प्रसाद, राजू राजप्पन और सुभाष रामसामी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज हो गई है।



### जेंटलवुमन

ये एक तमिल भाषा में बनी फिल्म है, जिसकी कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जो अचानक ही गायब हो जाता है। उस शख्स के गायब होने के बाद ये पता चलता है कि उसका अफेयर अपनी एक क्लाइंट के साथ था। जैसे-जैसे जांच पड़ताल बढ़ती है, उस आदमी की पत्नी और दूसरी महिला के बीच तनाव पैदा हो जाता है। फिल्म में लिजोमोल जोस, लोसलिया मरियानेसन मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज हो गई है।

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में आए 26 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 15 अप्रैल को जनदर्शन में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए।

### महामाया चौक के जीर्णोद्धार की मांग

**अंबिकापुर।** वार्ड में आंगनबाड़ी भवन के निर्माण व महमाया चौक के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य ने ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मोर द्वार साय...

में पीएम आवास पंचायत एम्बेसडर नियुक्त किए जाएंगे, जो सामाजिक रूप से सक्रिय एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति होंगे। अभियान को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी सक्रिय रखने के लिए नागरिकों से अपील की गई है कि वे मोर द्वार साय सरकार और मोर आवास मोर अधिकार जैसे हैशटैग के साथ फोटो और वीडियो साझा करें। राज्य शासन द्वारा सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को मिशन मोड में क्रियान्वित कर 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया जाए, ताकि कोई भी पात्र ग्रामीण परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### बुढ़ार स्कूल में ...

धोने की महत्ता और इससे होने वाली बीमारियों की रोकथाम पर जोर दिया गया। बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए खान-पान, रहन-सहन की आदतों पर चर्चा की गई। मिलेट्स (श्री अन्न) जैसे- ज्वार, बाजरा, कोदो, मड़िया, रागी आदि के लाभों को विस्तार से समझाया गया। साथ ही एनसीडी (गैर संचारी रोगों) से बचाव की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यक्रम में छात्र स्वास्थ्य परीक्षण और स्वास्थ्य वीर योजना के अंतर्गत कुल 65 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ.बीआर नायक, डॉ.रमाकांत कुर्रे, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक कुमारी किरण तिर्की, फार्मासिस्ट पिताम्बर सिंह नेताम सहित विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### आवा पानी झोंकी ...

करना पड़ेगा। रैली ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए पंचायत भवन तक निकाली गई, जहां जल संरक्षण से जुड़ी जानकारियां दी गई और ग्रामीणों से अपील की गई कि वे इस मुहिम को अपने घर-घर तक पहुंचाएं। ग्रामीणों बेटी बचाने और बेटी के जन्म के साथ पांच पौधे लगाने जैसे संकल्प भी लिया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लगातार जिले में पानी बचाने के उपाय पर कार्यशाला व जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।

### शहर में सार्वजनिक ...

जरूरतमंद लोगों को इस गर्मी में कंड को तर करने के लिए शीतल जल मिल सके। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर द्वारा लगभग एक किमी की अंतराल में तीन जगहों पर सार्वजनिक प्याउ खोला गया, इनमें स्कूलपारा मुख्य मार्ग, महलपारा पीपल पेड़ के नीचे तथा गौरवपथ पर गांधी उद्यान के पास पीपल पेड़ के नीचे सार्वजनिक प्याउ खोला गया है जो कि शहर हिसाब से पर्याप्त नहीं है। उन जगहों पर भी सार्वजनिक प्याउ नहीं खोले गए है, जहां पर लोगों की भीड़ ज्यादा जुटती है। लोग अपने दैनिक कार्य के लिए जिन क्षेत्रों में प्रतिदिन जुटने हैं, ऐसे कई क्षेत्रों में सार्वजनिक प्याउ की कमी है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को गर्मी में पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। मजबूरी में लोगों को अपने कंड की प्यास बुझाने के लिए हॉटलो का सहारा लेना पड़ता है या फिर पानी की बोतल खरीदी कर पीना पड़ रहा है। कई बार तो हॉटल वाले भी ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को पानी देने से मना कर देते हैं। हॉटल कर्मियों का कहना होता है कि कुछ खरीदी करो या खाओं इसके बाद ही पानी मिलेगा। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों के लिए गर्मी में पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है।

## डॉ. अंबेडकर की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम, विधायक समेत कई हुए शामिल

# भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के विचारों को जीवन में अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय स्थित मंथन कक्ष में राज्य शासन के निर्देशानुसार विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। साथ ही बेटी संग पांच पौधे अभियान के अंतर्गत लोगों को पौधारोपण और बेटियों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिससे सामाजिक संतुलन और पर्यावरण सुरक्षा दोनों को बढ़ावा मिल सके। बहुउद्देशीय कार्यक्रम में जल संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 15 से 30 अप्रैल तक चलाए जाने वाले मोर द्वार साय सरकार विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा की जानकारी हितग्राहियों को दी गई, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह से उनके विचारों को जीवन में अपनाने की अपील की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन को संक्षेप में रखते हुए जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में आम जनता की भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान आगामी 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के शुभारंभ की जानकारी दी गई। इसके तहत प्रत्येक विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में सीएससी-विले के माध्यम से नागरिकों को बैंकिंग, शासकीय सेवाएं, प्रमाण पत्र, बीमा, पेंशन, बिजली बिल भुगतान, यात्रा बुकिंग, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड जैसी डिजिटल सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केन्द्रों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, राकेश कुमार साहू, गीता राजवाड़े सहित विभिन्न समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की 134 वीं जयंती




चरचा कॉलरी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती चरचा कॉलरी के वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार की शाम 7 बजे भव्य रूप से विश्व ज्ञान दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल सहक्षेत्र प्रबंधक चरचा आरओ जितेन्द्र कुमार रहे। मंच पर उनके साथ कार्मिक प्रबंधक, खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह, खान सुरक्षा अधिकारी एमआर मंडावी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्वती सिंह कुसरो, श्रीमती उर्मिला मांडवी, श्रीमती सुखमन कुजूर, अनिल कुमार सोनपुरिया, हेमसागर यादव, रघुनंदन भास्कर, सगुनाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिस्टा क्षेत्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार अहिरवार ने की। बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन और योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ संविधान निर्माण किया, बल्कि सामाजिक असमानता और अन्याय के खिलाफ पूरी जिंदगी संघर्ष किया। वह देश के पहले कानून मंत्री और संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। खान सुरक्षा अधिकारी एमआर मंडावी ने कहा कि बाबा साहब की विरासत आज भी समाज को प्रेरणा देती है। उनके आदर्श हमें सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में कार्य करने की सीख देते हैं। अनिल कुमार सोनपुरिया ने बाबा साहब के विचारों पर आधारित एक कविता प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें न केवल बाबा साहब को याद करने का अवसर देता है, बल्कि उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प भी देता है। मंच संचालन सिस्टा के क्षेत्रीय सचिव राजेन्द्र कुमार सिंदनेहिया ने किया। कार्यक्रम में नीरा सिंह कुसरो, विजय सिंह ठाकुर, संतोष सिंह, दिनेश राज, प्रदोष सिंह, श्यामूलाल साम वारे, संगुनाथ सिंह, इंद्रभान, रघुनंदन भास्कर, कुंभज सिंह, सीताराम, गोविंद कुमार, अशोक निराला, मान सिंह, सीताराम, सूरज पासवान, मोहनलाल, वीपी सुधीर मनहर, राकेश रंजन, रामाकांत, मंगलेश्वर सिंह, आनंद राजवाड़े, नरेश खलखो, दीपनारायण, मुखराम, रंजन पैकरा, आरती सिंह, सुवृला कंवर, विमला सहित सिस्टा से पंडोपारा, झिलमिली, कटकोना बैकुंठपुर, चरचा आरओ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### हसदेव मंडल में अर्पित की श्रद्धांजलि



**मनेन्द्रगढ़।** हसदेव मंडल अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9, बूथ क्रमांक 293 स्थित मोरया क्लब पंडाल में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत खोंगापानी के पूर्व अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहनलाल मिश्रा, सत्य नारायण विश्वकर्मा, ज्ञानी सिंह, एमआर चौहान, आनंद सिंह, नोवल प्रकाश सिंह, सरिता श्रीवास्तव, श्री रामा , रमेश यादव, दिगंबर साहू, अनिल तिवारी, सोनू शर्मा, अब्दुल अजीज, अज्जू , पप्पू वर्मन, अजीत बड़ैया सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

### नपं पटना में विविध आयोजन



पटना। भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के जयंती अवसर पर नगर पंचायत पटना के वार्ड क्रमांक 3, वार्ड क्रमांक 5 एवं वार्ड क्रमांक 10 में लोगों के द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया तथा केक काटकर जन्म दिवस मनाया। साथ ही डॉ.अंबेडकर के जीवन आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया और केक वितरण के साथ मिष्ठान भी उपस्थित लोगों के बीच वितरण की गई। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 3 में नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, पार्षद श्रीमती ज्योति देवांगन, रमाकांत देवांगन, निर्मला पोया, अहिवरन सिंह, रितेश सिंह, सुनील सिंह, रमेश पोया, राकेश गुप्ता, गेंदलाल गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा नगर मंडल ने डॉ. अंबेडकर जयंती मनाई



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आमाखेरवा इलाके में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वार्ड क्रमांक 22 में आयोजित मुख्य समारोह में नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, पार्षद एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सर्वप्रथम अधिवक्ता श्याम बिहारी रैकवार ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। उन्होंने जीवनभर शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। आज हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जेके सिंह, दिनेश्वर मिश्रा, रामचरित द्विवेदी, आशीष सिंह, समसुद्दीन अंसारी, जया कर, प्रतिमा पटवा, संजय गुप्ता, आदित्यराज डेविड, पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, पार्षद नीलू जायसवाल, पार्षद सुशीला सिंह, अमृतलाल तिवारी, रामधुन जायसवाल, आलोक जायसवाल, आशीष मजूमदार, हरि मिश्रा, विनीत जायसवाल, संजीव सिंह, आनंद ताम्रकार, उर्मिला राव, जया घोष, अखिलेश मिश्रा, जयंती यादव, विवेक अग्रवाल, हिमांशु श्रीवास्तव, आदित्य अग्रवाल समेत पार्टी के कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

### एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में मनाई गई जयंती



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती को समानता दिवस के रूप में मनाया गया। हनुमान प्रकटोत्सव के शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की संचालिका श्रीमती आशि कक्कड़, श्रीमती ज्योति ताम्रकार, श्रीमती तोशी अग्रवाल व प्राचार्य पी.रविशंकर द्वारा संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कक्षा 12 वीं की छात्रा हनमीत कौर व कक्षा 8 वीं की छात्रा अवनी तिवारी द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर जी के जीवन पर अपने भाषण द्वारा प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्यप्रदेश के मऊ कस्बे में हुआ। वर्ष 1913 में इन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में परास्नातक किया। 1927 में इन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में पीएचडी किया। 30 अगस्त 1947 को ये भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष बनाए गए। तत्पश्चात कक्षा 9 वीं ब के छात्र राजवीर, युग, अक्षत, मानसी, पलक, अंशिका द्वारा संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों से सभी छात्रों को अवगत कराया गया साथ ही कक्षा दसवीं की छात्रा तमन्ना टोप्पो द्वारा नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई। इसके पश्चात कक्षा आठवीं के छात्र निखिल, तन्वी, बिरासी, एंजेल, अदिति, तनीषा, हयात, अरनव, शिवांश, अंश कक्षा सातवीं से अवनी, अंशिका, चिराग द्वारा बाबासाहेब के प्रेरक उद्धरणों को चित्रों द्वारा बताया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा सातवीं से गुरनूर, तनीषा, सान्वी, आयुषी, स्वाति द्वारा बाबासाहेब के जीवन पर प्रेरक कविता का वाचन कर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। संस्था के प्राचार्य पी रविशंकर जी ने अपने अभिभाषण में छात्रों को बताया कि डॉ. अंबेडकर का जीवन सिर्फ शिक्षा या संविधान तक सीमित नहीं था, वह एक सामाजिक क्रांतिकारी थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था की शिक्षिका सुश्री राखी तिवारी द्वारा किया गया व कार्यक्रम का निर्देशन शिक्षिका रूबी पासी, आकांक्षा मसीह, मनोज केसरवानी, आनंद विश्वकर्मा, नागमणि पिंटू, सुनील मिश्रा, श्रुति सोनी सलेहा परवीन, माधुरी महिडिया, यासमीन, इरफाना सूर्या, रंजना, अरूणा, निखत अहमद, प्रिया चक्रवर्ती, प्रतिमा, बुद्धेश्वर जायसवाल, सोनम निषाद, विनोद, शिवानंद, विनय, अमनदीप, अमरनाथ राव, नाहिद मनीषा संतोष, गणेश, सुशील सोनी आदि द्वारा किया गया।

### डॉ. अंबेडकर और ज्योतिबा फुले की जयंती मनी



बचरा पोड़ी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती एवं समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पोंड़ी बचरा स्थित आदिवासी भवन में संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष गनपत प्रसाद टोप्पो द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षमयी जीवन, सामाजिक न्याय एवं समानता की दिशा में उनके योगदान को याद करते हुए प्रेरक उद्बोधन दिए। कार्यक्रम में सर्वआदिवासी समाज के सचिव विजय सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष नीरा सिंह कुसरो, सुषमा पैकरा, गीता खलखो, विजेन्द्र यादव, कैलाश यादव (व्याख्याता), जगमोहन, धर्मेन्द्र, जीएस पैकरा, सर्वजीत सिंह, प्रमोद सिंह जगत, गोपाल सिंह, भुनेश्वर सूर्यवंशी, डॉ.एलएस उदय एवं डॉ.आरपी सिंह सहित जिले के नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य भी शामिल रहे।

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर दमकल विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर


रैली को रवाना करते संभागीय सेनानी।

दमकल विभाग का अग्निशमन सुरक्षा आज से शुरू हुई। होमगार्ड के जवान समेत दमकल कर्मियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जो शहर भ्रमण पश्चात पुनः फायर स्टेशन परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली निकालने से पूर्व दमकल विभाग के शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सुरक्षा के बीच दमकल कर्मचारियों द्वारा जिले भर में कैंप लगाकर लोगों को आगजनी की घटनाओं से बचाव व उपाय के संबंध में जागरूक किया जाएगा। संभागीय सेनानी राजेश पांडेय व जिला सेनानी श्री कठौतिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

होमगार्ड के संभागीय सेनानी राजेश पांडेय ने बताया कि देश में 14 से 20 अप्रैल के बीच अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी तारतम्य में जिले में भी अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। गाइडलाइन के अनुरूप दमकल कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जाता है। रैली से पूर्व 1944 में एक हादसे में दमकल के कई जवानों ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल के बीच जिले में आगजनी की घटना न हो तथा लोग आगजनी की घटना को लेकर जागरूक हो इसके लिए स्कूल, कॉलेज, निजी संस्था सहित ऐसे संस्था में कैंप लगाकर जागरूक किया जाता है जहां आगजनी होने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने अग्निशमन कर्मचारी, एसडीआरएफ तथा नगर सैनिकों को आगामी सप्ताह में किए जाने वाले अग्निशमन संबंधित रचनात्मक कार्यों के बारे में जानकारी और सुझाव देते हुए अवगत कराया गया कि इस कार्यक्रम में संभाग स्तरीय फायर ड्रिल की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार और अन्य आकर्षक पारितोषक भी प्रदान किए जाएंगे जिसके लिए संभाग स्तरीय तैयारी करें। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर बाइक व वाहन रैली को संभागीय सेनानी राजेश पांडेय व जिला सेनानी श्री कठौतिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दमकल कार्यालय परिसर से शुरू होकर बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, महामाया चौक, बौरीपारा प्रतापपुर चौक, मिशन चौक होते हुए रिंग रोड नमनाकला से पुनः कार्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई।



# जल है तो जीवन है, जल संरक्षण वर्तमान की बड़ी आवश्यकताः अरविंद

**सूरजपुर।** शहर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत जल निकायों के संरक्षण हेतु भैयाथान रोड स्थित दुलही तालाब के आसपास सफाई अभियान चलाकर जल संरक्षण का संदेश दिया।

गौरतलब है कि गर्मी का मौसम प्रारम्भ होने वाला है तथा गर्मी के मौसम में पानी की समस्या देखने को मिलती है। जल संरक्षण का कोई प्रयास नहीं किए जाने से शहर में गर्मी के मौसम में पानी की समस्या देखने को मिलती है। इसी समस्या को देखते हुए जल संरक्षण का सन्देश देने शहर मंडल प्रभारी शशिकांत गर्ग की विशेष उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारी व पार्षदों ने जल निकायों के संरक्षण एवं उनके संवर्धन, जल है तो कल है का सन्देश देने के लिए शहर वासियों को जागरूक किया। इस दौरान शशिकांत गर्ग,डॉ. एचएन चतुर्वेदी, अरविंद मिश्रा, मुकेश गर्ग, प्रमोद तायल, ललन राम सोनवानी, संतोष सोनी, राजू देवांगन,प्यारेलाल साहू, पंकज चौबे, आनंद सोनी, भोला साहू, नीरज जिंदिया, शिवशंकर साहू, संस्कार अग्रवाल, अजय सिंह, भूपेंद्र राजवाड़े ,लक्ष्मण कसेरा, रंजन सोनी, विकास अग्रवाल, अजय मित्तल, धरमवीर सोनी, प्रेमशंकर सोनी, यस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार मैकेनिक गंभीर रूप से घायल

**बिश्रामपुर।** ग्राम अजबनगर स्थित महिंद्रा शो रूम से मैकेनिक का काम कर घर लौट रहे बाइक सवार मैकेनिक को कार सवार ने टक्कर मार दी है।दुर्घटना में घायल युवक को अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम सतपता निवासी मो. साहिल अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईई 1222 में ग्राम अजबनगर स्थित महेंद्रा शो रुम से मैकेनिक का काम करके वापस अपने घर लौट रहा था।

रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतों की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक 29 मई 2025, 16 जुलाई 2025, 27 जुलाई 2025, 16 अगस्त 2025, 09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411